दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 77 मुरादाबाद, 06 July 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## G20 विज्ञान मंत्रियों की बैठक: भारत बोला- सामूहिक विशेषज्ञता का इस्तेमाल करें, वैश्विक चुनौतियों का समाधान हो




भारत ने बुधवार को जी-20 के विज्ञान मंत्रियों की बैठक में देशों से मतभेदों से ऊपर उठने का आह्वान किया और अपनी सामूहिक विशेषज्ञता का इस्तेमाल करते हुए जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा और पानी की कमी जैसी मौजूदा वैश्विक चुनौतियों से निपटने को कहा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बैठक में अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि भारत आज के समय की जटिल चुनौतियों से निपटने में वैश्विक सहयोग और ज्ञान साझा करने के महत्व को समझता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस बारे में बात की है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत बेहतर कल के लिए वैश्विक अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने जी-20 देशों से आह्वान किया कि वे नवाचार की संस्कृति व सतत विकास को बढ़ावा देने और सभी के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अपने सामूहिक ज्ञान, विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जी-20 देशों को %मतभेदों से ऊपर उठना% चाहिए और एक परिवार की भावना के साथ दुनिया के सामने मौजूद वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। सिंह ने कहा कि इस समूह में प्रमुख वैश्विक चुनौतियों से निपटने की क्षमता है जैसा कि उसने हाल ही में कोविड-19 महामारी का मुकाबला करते हुए किया था। मंत्री ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत बेहतर कल के लिए वैश्विक अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में वैज्ञानिक और शोधकर्ता अंतरिक्ष अन्वेषण से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), जैव प्रौद्योगिकी से लेकर नैनो टेक्नोलॉजी जैसे कई विषयों में अत्याधुनिक खोजों और प्रगति में सबसे आगे रहे हैं और उन्होंने वैज्ञानिक समझ की सीमाओं को आगे बढ़ाया है और नवाचार को बढ़ावा दिया है जो पूरी मानवता को लाभान्वित करता है। सिंह ने कहा कि जब दुनिया जलवायु परिवर्तन और घटते प्राकृतिक संसाधनों की चुनौतियों से जूझ रही है, ऐसे में अक्षय ऊर्जा स्रोतों का कुशलता पूर्वक दोहन करना अनिवार्य हो जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जी-20 के सदस्यों को अपने शून्य लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए और सतत विकास व नवीकरणीय ऊर्जा पर काम करना जारी रखना चाहिए। केंद्रीय मंत्री संतोष जताया कि दुनिया ने हाल के वर्षों में सौर और पवन ऊर्जा प्रतिष्ठानों में पर्याप्त वृद्धि देखी है। मंत्री ने कहा, %हमारे वैज्ञानिक ऐसी सामग्रियों की खोज और निर्माण के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं जो ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति ला सकते हैं, इसे स्वच्छ, अधिक किफायती और सभी के लिए सुलभ बना सकते हैं। ` कहा कि वैज्ञानिकों ने आनुवंशिक अनुसंधान और जैव प्रौद्योगिकी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और इन प्रयासों में स्वास्थ्य देखभाल परिणामों में सुधार और आनुवंशिक विकारों को दूर करने की अपार क्षमता है।

## लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने सपाइयों को लखनऊ बुलाएंगे अखिलेश, संगठन को मजबूत करने पर फोकस



यूपी की 80 सीटों के लि?ए समाजवादी पार्टी ने भी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारि?यां शुरु कर दी हैं। सपा प्रमुख अखि?लेश ने चुनाव की रणनीति? तय करने के साथ ही संगठन के ढांचे को मजबूत करने के लि?ए लखनऊ में बैठक बुलाई है। पार्टी का फोकस संगठन ढांचे को मजबूत करने की कवायद के साथ पार्टी ने बूथ स्तर तक पदाधिकारियों की नियुक्ति का अभियान चला रखा है। लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखकर सपा भी अपनी तैयारियों को धार देने में जुट गई है। संगठन का ढांचा मजबूत करने के साथ ही सपा नेतृत्व अब कार्यकर्ताओं की मन की बात भी सुनना चाहता है। पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कानपुट टीम के कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ में बड़ी मीटिंग करने की मंशा जताई है।महानगर अध्यक्ष फजल महमूद को उन्होंने लखनऊ बुलाया है। लोकसभा चुनाव के लिए कानपुर सीट का प्रत्याशी तय करने से पहले सपा में विचार मंथन व कार्यकर्ताओं की राय का दौर चलने वाला है। संगठन ढांचे को मजबूत करने की कवायद में पार्टी ने बूथ स्तर तक पदाधिकारियों की नियुक्ति का अभियान चला रखा है। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं को लोस चुनाव तैयारी का भी संदेश दिया जा रहा है। शहर की तीन विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज कराने और दो सीटों पर मजबूत प्रदर्शन के बाद अब सपा नेतृत्व कानपुर लोस सीट को महत्वपूर्ण और जिताऊ मानकर चल रहा है। महापौर चुनाव से भी सपा के पक्ष में माहौल बना है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व इस बार कई महीने पहले ही लोस प्रत्याशी की घोषणा करने के मूड में है। सपा नेतृत्व से मिले संकेतों के अनुसार इस बार प्रत्याशी चयन से पहले बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की राय ली जाएगी। प्रदेश कार्यालय से महानगर अध्यक्ष फजल महमूद को बताया गया है कि उन्हें इसी सप्ताह में राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात का बुलावा मिलने वाला है। वह अपनी तैयारी के साथ लखनऊ आएं। उनसे मुलाकात के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की इच्छा कानपुर के महानगर व ग्रामीण संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ में एक मीटिंग करने की है। इस पूरी कवायद का मकसद यह पता लगाना है कि लोस चुनाव के लिए सपा का कौन सा नेता अच्छा प्रत्याशी बन सकता है। फजल महमूद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से लोस चुनाव की तैयारी और रणनीति पर दिशा निर्देश मिलने के बाद ही अगले कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

## UCC के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की मुहिम, लोगों से अपील- दर्ज कराएं इसका विरोध




ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बुधवार को एक पत्र जारी कर लोगों से अपील की है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएं। चिट्ठी के जरिए एक बार कोड जारी किया गया है जिसको स्कैन करके अपनी राय सीधे भारत के विधि आयोग तक पहुंचाई जा सकती है।ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने बुधवार को एक पत्र जारी कर लोगों से अपील की है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएं। चिट्ठी के जरिए एक बार कोड भी दिया गया है, जिसको स्कैन करके अपनी राय सीधे भारत के विधि आयोग तक पहुंचा जा सकते हैं। चिट्ठी के माध्यम से यह अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा लोग समान नागरिक संहिता के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएं।ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मोहम्मद फजलुरेहीम मुजद्दीदी के नाम से जारी पत्र में कहा गया कि हमारे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने का माहौल बनाया जा रहा है, इसके जरिए अलग-अलग धर्मों और संस्कृतियों की स्वतंत्रता पर चोट पहुंचायी जा रही है। चिट्ठी के अनुसार, भारत के विधि आयोग ने देश के शहरों से समान नागरिक संहिता के बारे में राय मांगी है, हमें इस सम्बंध में बड़े पैमाने पर उत्तर देना चाहिए और समान नागरिक संहिता का विरोध करना चाहिए। चिट्ठी में एक बार कोड भी लगाया है। लोगों से अपील की गई है कि इस पर क्लिक करें और जीमेल खुलने पर उत्तर सामग्री आपके समक्ष आ जायेगी, आप वहां अपने नाम और सेंड के बटन पर क्लिक कर दे। आपका जवाब विधि आयोग तक सीधे पहुंच जाएगा।

## अजित पवार ने ठोका एनसीपी पर अपना दावा, चुनाव चिह्न के लिए किया EC से संपर्क




शरद पवार और अजित पवार गुट के एनसीपी विधायकों और सांसदों की मुंबई में बैठक हुई। दोनों गुटों ने अपना शक्ति प्रदर्शन किया। अजित पवार ने कहा कि मैं आज जो भी हूं पवार साहेब की वजह से ही हूं। मैं पार्टी का एक छोटा सा कार्यकर्ता था। वहीं, सुप्रिया सुले ने कहा मेरे पिता मुझसे ज्यादा आपके हैं। शरद पवार ने कहा कि अजित पवार को अगर कोई दिक्कत थी तो मुझसे बात करनी चाहिए थी। अगर उनके मन में कुछ था तो मुझसे संपर्क करना चाहिए था। अजित पवार और शरद पवार गुट की मुंबई में बैठक हुई। अजित पवार की बैठक में एनसीपी के 35 विधायकों और पांच एमएलसी के शामिल होने का दावा किया गया। वहीं, शरद पवार गुट की बैठक में 13 विधायक शामिल हुए। इसके अलावा बैठक में तीन एमएलसी और पांच सांसद भी मौजूद रहे। बैठक में जो विधायक शामिल हुए वो अनिल देशमुख, रोहित पवार, राजेंद्र शिंगणे, अशोक पवार, किरण लाहामाटे, प्राजक्त तानपुरे, बालासाहेब पाटिल, जितेंद्र आव्हाड, चेतन विट्ठल, जयंत पाटिल, राजेश टोपे, संदीप और देवेंद्र भूयर थे।मुंबई में एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि बीजेपी ने एनसीपी को भ्रष्ट कहा था, लेकिन अब आपने एनसीपी के साथ गठबंधन क्यों किया। उद्धव ठाकरे के साथ जो हुआ वह दोहराया गया है। आज पूरा देश हमें देख रहा है। एनसीपी के लिए यह बैठक ऐतिहासिक है। हमें अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं के बावजूद आगे बढ़ते रहना है।मुंबई के ञ्ब्श्च् बांद्रा में बैठक के बाद अजित पवार गुट के एनसीपी नेताओं को बस से एक होटल ले जाया जा रहा है।अजित पवार ने एनसीपी पर अपना दावा ठोका है।

अजित पार ने एनसीपी के चुनाव चिह्न पर भी अपना दावा किया है। चुनाव आयोग को इस संबंध में अजित पवार की एक चिट्ठी मिली है।पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि जब हम शिवसेना की विचारधारा को स्वीकार कर सकते हैं, तो बीजेपी के साथ जाने में क्या आपत्ति है? हम एक स्वतंत्र इकाई के रूप में इस गठबंधन में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं शरद पवार के साथ पटना में संयुक्त विपक्ष की बैठक में गया था। जब मैंने वहां का दृश्य देखा तो मुझे हंसने का मन हुआ। वहां 17 विपक्षी दल थे। उनमें से 7 दलों के पास लोकसभा में सिर्फ एक सांसद है। एक पार्टी ऐसी थी, जिसका लोकसभा में एक भी सांसद नहीं है। उनका दावा है कि वे बदलाव लाएंगे।

## उद्धव गुट ने महाराष्ट्र सरकार पर कसा तंज, कहा- अब बस नीरव मोदी-विजय माल्या का भाजपा में जाना बाकी





शिवसेना (यूबीटी) ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अब बस मेहुल चोकसी, नीरव मोदी और विजय माल्या को ही भाजपा में शामिल करना बाकी रह गया है।महाराष्ट्र में इन दिनों अजित पवार के शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद से राजनीति गरमाई हुई है। एनसीपी और शिवसेना (यूबीटी) ने कई बार इसको लेकर भाजपा और केंद्र सरकार पर हमला बोला है। इस कड़ी में शिवसेना (यूबीटी) ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अब बस मेहुल चोकसी, नीरव मोदी और विजय माल्या को ही भाजपा में शामिल करना बाकी रह गया है।उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के मुखपत्र सामना के नए संपादकीय में भाजपा और महाराष्ट्र सरकार पर भ्रष्टाचार और लूट में शामिल होने का आरोप लगाया। सामना में उद्धव शिवसेना ने कहा कि महाराष्ट्र में एक फिल्म चल रही है एक पूरा और दो आधा। इसका मतलब एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार से है। बता दें कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता अजित पवार उपमुख्यमंत्री के रूप में महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए हैं। आठ अन्य राकांपा नेताओं को भी मंत्री के रूप में शामिल किया गया है। अजित पवार समेत एनसीपी के नौ में से चार नेता मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपों का सामना कर रहे हैं, जिनकी जांच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है। अजित पवार के अलावा, छगन भुजबल और हसन मुश्रीफ सहित आठ अन्य एनसीपी विधायकों ने एकनाथ शिंदे कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली। सामना के संपादकीय में दावा किया गया कि एनसीपी के इस बड़े घटनाक्रम के पीछे दिल्ली की सुपरपॉवर का हाथ है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए भ्रष्टाचार, नैतिकता और लूट कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा ने महाराष्ट्र में जो किया है, उसके लिए उसका मजाक उड़ाया जा रहा है। सामना में चुटकी लेते हुए कहा गया है कि भाजपा में मेहुल चोकसी, नीरव मोदी और विजय माल्या को शामिल करना बाकी है। एक को पार्टी का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया जाएगा, दूसरे को नीति आयोग में नियुक्त किया जाएगा और तीसरे को भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर नियुक्त किया जाएगा। संपादकीय में कहा गया है कि 2014 के विधानसभा चुनाव से पहले, फडणवीस ने दावा किया था कि अजित पवार कथित सिंचाई घोटाले में जेल जाएंगे, लेकिन राकांपा नेता ने (रविवार को) उनकी उपस्थिति में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। आज सीएम शिंदे के लिए यह दुखद स्थिति है।

## संपादकीय Editorial

### Tejashwi accused in the scam

When Lalu Yadav was the Railway Minister in the UPA-1 government at the Centre, his economic erudition was surprising. He was invited as an expert in renowned universities abroad. Professors and students of economics centers were eager to know Lalu Yadav's formula as to why Indian Railways remains profitable. What are its bases and equations? Lalu was not an economist in any way, nor is he today, but it was revealed in front of the country and the world that the then railway minister used to give jobs to poor people, but in return he gave some piece of land to his wife, son-daughter, brother-in-law. And used to get the name of the family-owned company written or accepted as a gift. It is alleged that instead of giving a 'D' category job in the Railways, the Lalu family bought more than one lakh square feet of land for just Rs 26 lakh. The then market value of the land was Rs 4.39 crore. This fact is in the charge sheet of the CBI. The 'land for job' scam has stuck with the Lalu clan. The CBI has filed another fresh charge sheet in the court in this case. Lalu Yadav, some middlemen, firms and sons and daughters have been made accused, but this time Bihar's Deputy Chief Minister Tejashwi Yadav is also accused. He is the younger son of Lalu-Rabri. Both Lalu and Rabri are former chief ministers of Bihar.

The role of his daughters is also suspicious, so raids were conducted at their residential places and they were also interrogated. When the court proceedings begin on the charge sheet, then everyone's names and profits will become clear. Lalu Yadav, who considered himself to be the 'Messiah of Social Justice', misused the ministerial post and collected their plots from the poor. This is not a fictitious charge sheet, but the CBI has done a thorough investigation, collected evidence, recorded the cries of the poor, as a result of which two charge sheets have been filed. Right now apart from CBI, Enforcement Directorate is also probing this scam. Significantly, the name of Deputy Chief Minister Tejashwi Yadav is also in the charge sheet. Will Chief Minister Nitish Kumar want to work in the government with an 'accused aide'? His record has been that he instructs the accused leader to prove himself clean and till then he stays away from the cabinet or any responsible and constitutional post, but in the context of Tejashwi, what options do Nitish have? Right now this fire-test has to be done whether he gives permission for prosecution against Tejashwi or not! Will recommend to the Governor or not! According to the law, Tejashwi can also be sent to jail. Since he is holding a constitutional post, the investigating agency and the court need the permission of the appropriate authority to take action. However, this time a court and criminal case has to be filed against Lalu's family. So far, Lalu Yadav has been sentenced many times in the 'fodder scam' and he has been in jail for a long time.

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# Maharashtra politics: Ajit Pawar episode and two 'valid' formulas of Indian politics!


The word corruption in Indian society is now like a political football, which is being kicked by everyone for their own convenience and purpose. Sometimes it turns into a self-goal as well. The strange rule of this game is that as long as this ball of corruption is in the other's court, it is 'corruption' and when it is in its 'D', it takes the form of courtesy. What will be the end of the part three episode played for power in Maharashtra, which is considered to be the richest state of the country? It will be interesting to watch as this political serial is still running. Political rebellion of nephew against uncle is not a new thing in this country. But if anything is new, it is that economic and moral corruption is no longer an issue in this country and also that spitting and licking has become a common culture in Indian politics. Taking a U-turn anytime for the sake of power has now become an unwritten traffic rule on the political highway and no one is an exception except a few. The latest political developments in Maharashtra is a great example of this. Tomorrow the same can be repeated in Bihar. If anyone is being fooled in this game, then it is the public, who have probably been left with no other option other than innocent helplessness. The word corruption in Indian society is now like a political football, which is being kicked by everyone for their own convenience and purpose. Sometimes it turns into a self-goal as well. The strange rule of this game is that as long as this ball of corruption is in the other's court, it is 'corruption' and when it is in its 'D', it takes the form of courtesy. Even its color and political effect changes. What did Sharad Pawar say?- Note that NCP president (at least as of now) Sharad Pawar is unhappy with the decision of nephew Ajit Pawar, who grew up on the political nutrition of Kaka Sharad Pawar for years, to go to power with the BJP-Shiv Sena Mahayuti. Said that my people on whom the BJP accused of serious corruption for years, have now become 'blame free' as soon as they joined the BJP. What he meant to say was that the BJP is now a 'political Ganges', in which one's sins are automatically washed away as soon as one takes a bath. According to this, Ajit Pawar & Co., which is behind the ED, has adopted the banner of honesty as soon as it follows the footsteps of the BJP. This is the same company, against which BJP leader and former Chief Minister Devendra Fadnavis used to make open allegations of corruption. But now all these alleged corrupt people have heaved a sigh of relief as soon as they come under BJP's 'security circle'. Those who were ours till yesterday, today they are corrupt-an interesting thing is that Sharad Pawar who is now indirectly calling 'Ajit & Co' as 'corrupt', till yesterday he considered all of them as part of his family. That is, the corruption going on under his umbrella was not corruption, it was 'performance'. (Some people still believe that this is all a mixed game of uncle and nephew) As soon as the political umbrella changed, it again turned into corruption. This means that if you do your own corruption, it cannot be corruption at all. This word and sense is only for 'nonsense'. However, Kaka Sharad Pawar himself has also faced allegations of misconduct when he was Union Agriculture Minister. But no one ever got him investigated because, under the veil of opposition, Sharad Pawar has been maintaining the courtesy of personal relationships. Also, he never had any ideological urge in politics other than power. Accordingly, Ajit Pawar is taking forward the same 'Sharadwad', so what is wrong with it? Today, Sharad Pawar may be doing the politics of the opposition according to his political calculations, but there are political rainmakers in every party, including Prime Minister Narendra Modi, who has been calling him 'Shirardao'. His party BJP was waiting for the 'Kaksparsh' of NCP for a long time to donate the political body of the opponents. What is 'resort politics'? By the way, Congress is also the creator of the narrative of 'resort politics' to topple the elected government in this country, which first instigated a rebellion in 1995 under the leadership of BJP leader Shankersinh Vaghela to topple the elected government of BJP's Keshubhai Patel and MP Rebel MLAs were stopped in Khajuraho hotel. However, later Vaghela's government formed with the support of Congress also fell and with that Congress went into the role of permanent opposition in Gujarat.- Now in the era of Modi-Shah, BJP has left Congress far behind in this game and 'Goddess of wealth' was also added to the important factors of this game. This also established the formula that the importance of corruption and difference between words and actions in politics is zero. It can be interpreted according to its convenience and it can also be justified. Its channel can be tuned anytime from the remote of the dogs. Today's biggest political party BJP has done successful experiments of this political conversion in many states by keeping political morality in check. That is, first break the MLAs, either get it recognized as a separate group or resign from the assembly and make them win on your election symbol or make them sit in the safari of power on the lines of 'Aaja Meri Gaadi Mein Baith Ja'. This achieves two goals, firstly, the opposing side gets divided, secondly, the power ambition of both the coming together and coming together is reimbursed. BJP's experiment- This experiment of BJP has got the approval of voters to a large extent.Another third way is to first put the opponents under the scanner for corruption and malpractice allegations and investigations and then send them yellow rice. In Maharashtra, the story of the Shinde faction that broke away from the Shiv Sena and the Ajit Pawar faction that broke away from the NCP is similar. In fact, this prescription of 'treatment' of political opponents is proving to be conditional, because almost everyone is naked in the bath of corruption, or rather, a new kind of 'fraternity' has been established among the corrupt, whose only condition is ' To be in your camp. The second mountain of political morality of the twenty-first century in the country is to be spit and licked. Hardly anyone survives this. The 'demand of time' is the 'API' (active pharmaceutical ingredient, which is the raw material of all medicines) of this political panacea. If we take the example of Maharashtra, Devendra Fadnavis, who used to praise Ajit Dada's administrative ability as Chief Minister, used to say that 'Ajit Pawar's real place is in jail'. An inquiry was also set up against Ajit Pawar in the irrigation scam. On the other hand, till yesterday, Ajit Pawar, who took a fake oath like 'I will remain in the Nationalist Congress Party till my last breath', is now looking at his political future with the BJP. Nephew Ajit, who considered Kaka Sharad Pawar as his ideal till yesterday, does not see any leader better than Narendra Modi in the country. This formula of moral overturning is applicable to many parties like JDU, RJD, Congress, CPM, Shiv Sena etc. For whom political rivalry is nothing more than just an exciting video game. By the way, Ajit Pawar has another record in his name. He has happily become the Deputy Chief Minister of the state for the fifth time and that too in the indomitable hope of becoming the CM. It is like giving birth to daughters in the hope of a son. It is difficult to say whether his becoming deputy CM this time is a good omen or a bad omen. Some people also believe that Ajit Dada is cursed to remain the Deputy Chief Minister. Even if you do not fully trust this, it is a fact that the political fleet of whichever CM Ajit Dada has become the Deputy Chief Minister has definitely gone down. Be it former Chief Minister Prithviraj Chavan or Uddhav Thackeray or Devendra Fadnavis (with whom he was deputy CM for a few days). Now he has become DCM for the fifth time under the Chief Ministership of Eknath Shinde. In that too, he loves the Finance Ministry the most. In such a situation, the question is being raised on the political future of Shinde. However, with the help of 'Eknath' and 'Ajit', the political possibilities that Devendra and his party are understanding, it is such a political dream of a huge victory in the next year's Lok Sabha elections, it has been named Mahayuti. Time will tell how much Kamdhenu this Mahayuti based on power and selfishness will prove, because even driving this desi auto of Mahayuti is not easy. On the other hand, on the slope of Kakaji's age, this is the last political fire test, that is, on this side or on the other side...!

## Revolt of Ajit Pawar from Patna to Bengaluru, a setback for Congress along with Mahavikas Aghadi

After the split in the NCP, not only Sharad Pawar has become politically weak but also the Mahavikas Aghadi. Ajit Pawar's rebellion is not only a blow to the Mahavikas Aghadi but also to the Congress. The split in the front of the opposition parties in Maharashtra, the country's second most important state in terms of Lok Sabha seats, is going to jolt the campaign to unite the anti-BJP parties. Informing that the next meeting of opposition parties will be held in Bengaluru on July 17-18, Congress General Secretary KC Venugopal may be saying that whatever happened in Maharashtra will not affect this meeting, but it is not possible that Remain unaffected by the split in opposition party Sharad Pawar's Nationalist Congress Party. Sharad Pawar was not only working to give direction to the Mahavikas Aghadi, but he was also trying to unite the opposition parties at the national level on the lines of Maharashtra. He was one of the leaders on whom the Congress, along with other parties, was counting on to strengthen opposition unity. Not only Sharad Pawar has become politically weak after the split in the NCP, but also the Mahavikas Aghadi. In fact, the rebellion of Sharad Pawar's nephew Ajit Pawar is not only a blow to the Mahavikas Aghadi, but also to the Congress. The split in the front of the opposition parties in Maharashtra, the country's second most important state in terms of Lok Sabha seats, is going to jolt the campaign to unite the anti-BJP parties. The split in the NCP may have increased the bargaining power of the Congress with other opposition parties and may have been able to undermine their initiative that it should contest a minimum number of seats, but such parties are less likely to count. There are only those who are in a position to give something to him. Nitish Kumar, the biggest advocate of opposition unity, is not in a position to give much to the Congress in Bihar because the Rashtriya Janata Dal is the largest party there. The truth is that Nitish Kumar himself is dependent on him. Among other leaders involved in the campaign for opposition unity, Mamata Banerjee is not keen on the Congress trying to establish its roots in Bengal. He has even put a condition that talks can be done with the Congress only if it keeps distance from the Left parties. This would probably be acceptable neither to the Congress nor to the Left parties. There is also a problem that the leaders of the ruling Left parties in Kerala are not inclined to reconcile with the Congress, because they are competing with it there. Other opposition leaders who attended the Patna meeting were also not ready to give importance to the Congress in their respective states. This is not the only problem of Congress. It has failed to generate any discussion that attracts the opposition parties as well as the people of the country. Many opposition parties do not seem to agree with the stubborn attitude he adopted on the Uniform Civil Code.

# जिलाधिकारी ने जरूरतमंदों की पढ़ाई के लिए दान की 600 पुस्तकें

## अधिकारियों व समाज के हर वर्ग से सहयोग की अपील



मुरादाबाद- जरूरतमंदों को पढ़ने के लिए चल रहे पुस्तक दान अभियान में बुधवार को जिलाधिकारी ने हाथ बढ़ाया। उन्होंने समाज के हर वर्ग के लोगों से अभियान में सहभागिता की अपील की। जिलाधिकारी ने विकास भवन में 600 पुस्तकें जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अरुण कुमार दुबे को दान स्वरूप दीं। उन्होंने दान में मिली किताबों को कक्षावार एवं विषय वार अलग-अलग कर लेने के लिए कहा। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने पुस्तकों को पुस्तकालयों में सुरक्षित रखने और विद्यालयों तथा जन सामान्य के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि आवश्यकतानुसार सभी छात्र छात्राएं पुस्तकालय से पुस्तक प्राप्त कर अपनी पढ़ाई को सुगम बना सकते हैं। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हर्षिका, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला अर्थ एवम संख्या अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुपमा शांडिल्य मौजूद रहीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में आर्य कन्या इंटर कॉलेज मुरादाबाद की अंग्रेजी विषय की सेवानिवृत्त प्रवक्ता रश्मि शर्मा की ओर से उनके पुत्र लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक शर्मा ने अपने आवास पर जरूरतमंद विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए 300 पुस्तकें जिला जिला विद्यालय निरीक्षक को दान की।

# ब्लैक स्पॉट सुधार तो दूर, जगह भी नहीं देखते जिम्मेदार



मुरादाबाद- सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयासों में उदासीनता के प्रमाण मिल रहे हैं। जबकि, 31 मई को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने ब्लैक स्पॉट के जिम्मेदार अधिकारियों को मौका-मुआयना व फोटोग्राफ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए था। सुधार कार्य कराने को भी कहा था। जिसके लिए पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता ने योजना तैयार की। रिपोर्ट के मुताबिक, पुराना टोल प्लाजा चंदौसी कट पर संकेतक, कैट आइज एवं डायवर्जन बोर्ड लगाने के निर्देश एनएचएआई को थे। डीएम ने एनएचएआई व निरीक्षक यातायात (टीआई) से फोटोग्राफ संग मौके के निरीक्षण की संयुक्त रिपोर्ट मांगी थी। टीआई पवन त्यागी ने 19 जून को रिपोर्ट जिला सड़क सुरक्षा समिति के नोडल अधिकारी/अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी भेजी थी। टीआई ने लिखा है कि संयुक्त निरीक्षण के लिए उन्होंने एनएचएआई के अधिकारी को फोन किया लेकिन, वह मौके पर नहीं आए। हमने मौके पर देखा कि एनएचएआई की तरफ से ब्लैक स्पॉट पर कोई भी सुधार नहीं है। बोर्ड लगाने के निर्देश थे, वह बहुत छोटे एवं रोड के किनारे के बजाय बीच में लगे हैं। टीआई ने निरीक्षण के फोटोग्राफ भी दिए हैं।

### ब्लैक स्पॉट पर निरीक्षक यातायात की यह है रिपोर्ट

कोहिनूर तिराहा - निरीक्षण रिपोर्ट में टीआई ने लिखा है कि इस ब्लैक स्पॉट पर भी कोई नया सुधार कार्य नहीं कराया गया है। संयुक्त निरीक्षण के लिए उन्होंने संबंधित से वार्ता की तो बताया गया कि कोहिनूर तिराहा के सुधारीकरण के लिए मुख्य अभियंता को 30 नवंबर 2021 को एस्टीमेट भेजकर 4.75 करोड़ 69 हजार रुपये की मांग भेजी जा चुकी है। जटपुरा - इस ब्लैक स्पॉट पर अल्पकालीन सुधार वाले कार्यों की जरूरत है। वैसे रिपिटेड बार, ऐज लाइन, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का साइन बोर्ड लगाया गया है। दीर्घकालीन सुधार वाले कार्यों में जैसे रंबल स्ट्रिप, कोशनरी बोर्ड, गिव-वे एवं हैजार्ड बोर्ड के कार्य अधूरे हैं। डींगरपुर - इस ब्लैक स्पॉट के संबंध में टीआई ने रिपोर्ट दी है कि स्पीड टेबल, रंबल स्ट्रिप, कोशनरी व हैजार्ड बोर्ड और गिव-वे बोर्ड के कार्य अधूरे हैं।

# 'हमसे मिलो, जहां मर्जी हो बताओ ड्यूटी लगवा देंगे', रंगीन मिजाज दरोगा लाइन हाजिर

मुरादाबाद- महिला कांस्टेबल से रंगीन मिजाजी करने वाले एसएसआई (वरिष्ठ उप निरीक्षक) जितेंद्र कुमार सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने लाइन हाजिर कर दिया है। महिला कांस्टेबल की शिकायत थी कि एसएसआई उनसे व्हाट्सऐप पर कॉल करते थे। चेटिंग कर मिलने को कहते थे। लालच देते थे कि हमसे मिलो और फिर जहां मर्जी हो बताओ ड्यूटी लगवा देंगे। अपने सीनियर (एसएसआई) की रंगीन मिजाजी से परेशान महिला कांस्टेबल के गुमनाम पत्र को एसएसपी तक पहुंचा दिया। जिसे एसएसपी हेमराज मीना ने गंभीरता से लिया और प्रारंभिक कार्रवाई में एसएसआई जितेंद्र कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह एसएसआई महिला कांस्टेबल को उनके मोबाइल पर व्हाट्सऐप कॉल कर रात में परेशान करता था। उधर, एसएसपी ने प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी कटघर शैलजा मिश्रा को सौंपी है। बताया जा रहा है कि एसएसपी को भेजे गए इस गुमनाम पत्र में एसएसआई और एक महिला कांस्टेबल के बीच हुई बातचीत का स्क्रीनशॉट भी शामिल है। पत्र में दावा किया गया है कि एसएसआई जितेंद्र महिला कांस्टेबल को अपने कार्यालय में जब किसी काम के बहाने बुलाता था तो ऑफिस का दरवाजा बंद कर लेता था।

### महिला कांस्टेबल के पास हैं पर्याप्त सुबूत

महिला कांस्टेबल नाम न छापने की शर्त पर बताती हैं कि एसएसआई जितेंद्र कुमार सिंह उन लोगों को पर कॉल रिसीव करने का भी दबाव बनाता था। कॉल रिसीव न करने पर अपने ऑफिस में बुलाकर नाराजगी भी जाहिर करता था। उन्होंने बताया कि यदि इस मामले में निष्पक्षता से जांच की जाती है तो वह खुलकर बोलेंगी और एसएसआई की रंगीन मिजाजी के वह सारे सुबूत भी देंगी, जो उसकी पुलिस सेवा से बर्खास्तगी तक के लिए पर्याप्त होंगे। उन्होंने बताया कि वह रात में वीडियो कॉल भी करता था। कई महिला कांस्टेबल जितेंद्र कुमार को सीनियर मानकर वीडियो कॉल रिसीव भी करती थीं। वह महिला कांस्टेबल की कमजोरी की तलाश में रहता था। मन चाहे थाने या जिले में पोस्टिंग करा देने तक का दावा वह महिला कांस्टेबल से करता था। फिलहाल, महिला कांस्टेबल के ये आरोप कितने असरदार हैं, इस बारे में अभी कहना जल्दबाजी रहेगी।

# मुरादाबाद में वंदे भारत एक्सप्रेस की सेवा चंद कदम दूर, प्रशिक्षण को भेजे गए लोको पायलट



मुरादाबाद- गोरखपुर-लखनऊ रूट पर वंदे भारत के ऐलान ने मुरादाबाद में चर्चाओं को हवा देना शुरू कर दिया है। मंडल मुख्यालय से इस ट्रेन के गुजरने की गोपनीय कवायद पर लोगों की नजर है। पड़ोस के इज्जतनगर मंडल ने वंदे भारत ट्रेन के संचालन के लिए रामनगर-मथुरा-जयपुर, रामनगर-अयोध्या, काठगोदाम-प्रयागराज रूट लगभग निर्धारित कर दिया है। जबकि मुरादाबाद ने सहारनपुर- मुरादाबाद- बरेली- लखनऊ- प्रतापगढ़ के अलावा सहारनपुर-प्रयागराज रूट के पन्ने पलटने शुरू कर दिए हैं। उधर, मंडल प्रबंधक अजय नंदन इन बातों को चर्चाओं के खाते में जोड़ते हैं। सूत्रों की मानें तो मंडल में शारदीय नवरात्र के समय वंदे भारत का स्पीड ट्रायल हो सकता है। बरेली जंक्शन से दो वंदे भारत ट्रेनें गुजर सकती हैं। एक का संचालन मुरादाबाद और दूसरे का इज्जतनगर कर सकता है। सूत्रों का दावा तो यहां तक है कि वंदे भारत के स्पीड ट्रायल के लिए लोको पायलट समेत कर्मचारियों को गाजियाबाद में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें मुरादाबाद, रोजा और बरेली लॉबी के लोको पायलट शामिल हैं। इज्जतनगर मंडल ने इस ट्रेन के संचालन के लिए रामनगर- मथुरा- जयपुर, रामनगर- अयोध्या, काठगोदाम- प्रयागराज रूट लगभग निर्धारित कर दिया है। मुरादाबाद ने सहारनपुर-मुरादाबाद-बरेली-लखनऊ-प्रतापगढ़ के अलावा सहारनपुर-प्रयागराज रूट तय किए हैं। रेल बोर्ड की ओर से दोनों मंडल से रूटों के बारे में सूचनाएं मांगी गई हैं। जबकि मंडल ने छह लोको पायलटों को स्पीड ट्रायल के लिए प्रशिक्षण पर भेज दिया है। इज्जतनगर और मुरादाबाद दोनों ही मंडलों से वंदे भारत का संचालन होना है। उच्च पदस्त विभागीय सूत्रों ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। हालांकि, स्पीड ट्रायल की तिथि को लेकर कोई भी अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। मंडल एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात के संकेत दिए कि लखनऊ, प्रयागराज दिशाओं में वंदे भारत का संचालन होना है। ट्रायल के लिए लोको पायलट समेत कर्मचारियों का प्रशिक्षण चल रहा है। मंगलवार रात बातचीत में इन मुद्दों की पुष्टि को लेकर वरिष्ठ अधिकारी फिलहाल बचते नजर आए।

### मुरादाबाद-लखनऊ रूट का स्तरोन्नयन जारी

मुरादाबाद-लखनऊ रेल रूट को नई जरूरत के लिए तैयार करने का काम अप्रैल में शुरू हो गया था। 328 किलोमीटर लंबे रूट पर दो लूप लाइन का निर्माण काम पूरा हो चुका है। रोजा के पास ऐगवां में लूप लाइन बिछ रही है। पांच से 15 किलोमीटर तक के 42 कॉशन में से ज्यादातर हटाए जा जा चुके हैं। रोजा, बंथरा, रसुइया, कैंट, दलपतपुर, कटघर, मिलक के कॉशन खत्म कर दिया है। इस माह के आखिर तक अन्य कॉशन को खत्म करने के लक्ष्य पर रेलवे काम कर रहा है। मुरादाबाद मंडल मुख्यालय और दिल्ली से नजदीक का केंद्र है। हर दिशा में यहां से ट्रेनों का संचालन है। दिल्ली-कोलकाता रूट में यह प्रमुख स्टेशन है। गोरखपुर से लखनऊ के बीच वंदे भारत के चलाए जाने की पुष्टि हो चुकी है। जिस आधार पर मुरादाबाद में इस सेवा की पूरी संभावना और जरूरत है। लेकिन, यह कवायद अभी विभाग की लिखा-पढ़ी में नहीं आ पाई है। हरिद्वार रूट से दिल्ली के बीच इस ट्रेन को चलाए जाने की चर्चा है। हम विभागीय पत्राचार के आधार पर ही इसकी पुष्टि कर पाएंगे। -अजय नंदन, मंडल रेल प्रबंधक

# स्मार्ट सिटी- खर्च हो गए 1.57 करोड़, शहर के लोगों को लाभ धेले का नहीं

मुरादाबाद- तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर यह आंकड़े झूठे हैं यह दावा किताबी है। कवि अदम गोंडवी की गांव में विकास के दावों पर लिखी गई यह पक्ति जिगर मुरादाबादी के स्मार्ट शहर पर सटीक बैठती है। इसका उद्दाहरण स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर के 20 स्थानों पर शहर के नागरिकों को डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 स्थानों पर स्थापित किए गए ई-क्योस्क हैं। 1.57 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित इस ई-क्योस्क सेवा का तीन सितंबर 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन किया था। जिसके साथ ही इसकी स्थापना करने वाली कंपनी को इसका भुगतान भी कर दिया गया, लेकिन शहर के किसी भी नागरिक को इसकी सेवा का धेला भर भी लाभ नहीं हुआ। वजह यह है कि उद्घाटन के नौ माह बाद भी शहर के इन सभी ई-क्योस्क पर बदइंतजामी का ताला लगा है।

### अंजान को रास्ता बताने के किए गए थे दावे, खुद गुमनाम

शहर में इसकी स्थापना के समय स्मार्ट सिटी के अफसरों ने दावा किया था कि बाहर से मुरादाबाद आने वालों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी नहीं होगी। ई-क्योस्क की स्क्रीन पर स्थान का नाम डालने पर उसकी सही जानकारी मिल जाएगी। विभिन्न विभागों की जानकारी, उसका लेखा-जोखा मिल जाएगा। लोगों को इसके लिए संबंधित विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन भी इसके माध्यम से लोग कर सकेंगे। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के टैक्स आदि की जानकारी के साथ उसे जमा भी कर सकेंगे। ई-क्योस्क बूथ से बैंक लोन के साथ ही जाति, आय, निवास सहित अन्य प्रमाणपत्रों के लिए आवेदन भी कर सकेंगे।

### निरीक्षण में बंद मिलने पर पहले नाराजगी जता चुके नगर आयुक्त

करीब दो माह पहले नगर आयुक्त संजय चौहान ने भी शहर में स्मार्ट सिटी योजना के तहत हुए कार्यों का निरीक्षण किया था। उस दौरान भी कुछ ई-क्योस्क के बंद मिले थे। कुछ पर कर्मचारी तैनात नहीं थे। इस पर उन्होंने नाराजगी भी जताई थी। लेकिन कुछ समय गुजरने के बाद स्थिति फिर वही हो गई है। शहर के 20 स्थानों पर ई-क्योस्क स्थापित किए गए हैं। इसका उद्घाटन हो चुका है। इसका भुगतान भी संबंधित कंपनी को हो चुका है। इसके संचालन में अभी कुछ तकनीकी दिक्कत आ रही है। जिस कंपनी ने इसे लगाया है उसी के पास इसके संचालन का कार्य है। इस संबंध में सात जुलाई को कंपनी से जुड़े प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई है। जल्द ही इन सभी ई-क्योस्कों को चालू करा दिया जाएगा।- अतुल कुमार, डिप्टी सीईओ स्मार्ट सिटी/अपर नगर आयुक्त







क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# अधेड़ उम्र के प्यार पर बरपा हंगामा, थाने पहुंचा मामला

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ का एक 50 वर्षीय व्यक्ति शटरिंग का काम करता है। इस व्यक्ति के परिवार और इगलास क्षेत्र के दूसरे समुदाय के परिवार से अच्छे संबंध हैं। आरोप है कि इस परिवार की महिला से अधेड़ का प्रेम प्रसंग चल रहा है। अधेड़ के पत्नी और दो बच्चे हैं, वहीं महिला का पति व बच्चे हैं। प्रेम-प्रसंग का विरोध होने पर अधेड़ अपना घर छोड़कर महिला के पड़ोस में जाकर रहने लगा। अधेड़ उम्र व्यक्ति के दूसरे समुदाय की महिला से प्रेम-प्रसंग पर हंगामा हो गया। इस महिला, उसके पति व बच्चों के साथ रिश्तेदारी से लौट रहे अधेड़ को उसके परिजनों ने रास्ते में रोक लिया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। इस बीच, परिजनों व अन्य लोगों ने अधेड़ का धर्मांतरण कराने का आरोप लगा दिया। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। बताते हैं कि अलीगढ़ का एक 50 वर्षीय व्यक्ति शटरिंग का काम करता है। इस व्यक्ति के परिवार और इगलास क्षेत्र के दूसरे समुदाय के परिवार से अच्छे संबंध हैं। आरोप है कि इस परिवार की महिला से अधेड़ का प्रेम प्रसंग चल रहा है। अधेड़ के पत्नी और दो बच्चे हैं, वहीं महिला का पति व बच्चे हैं। प्रेम-प्रसंग का विरोध होने पर अधेड़ अपना घर छोड़कर महिला के पड़ोस में जाकर रहने लगा। वह महिला, उसके पति और बच्चों के साथ उनकी रिश्तेदारी में गंगीरी गया था। लौटते समय जलाली क्षेत्र के औसाफली गांव के निकट इन सभी लोगों को अधेड़ की पत्नी, साले और परिजनों ने रोक लिया। कहासुनी के बाद बीच सड़क पर मारपीट शुरू हो गई। पुलिस भी पहुंच गई। परिजनों ने बताया कि महिला अधेड़ को प्रेम जाल में फंसा कर उसके पैसे उड़ा रही है। धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए पुलिस को डॉक्टर के कुछ पर्चे दिखाए, जिस पर अधेड़ ने अपना उपनाम खां दर्ज करा रखा था। पूछताछ के बाद थाना पुलिस दोनों पक्षों और उनके वाहनों को थाने ले आई। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। सीओ अतरौली डॉ. कृष्ण गोपाल का कहना है कि ये धर्मांतरण का मामला नहीं है। अधेड़ अपने परिवार को छोड़कर दूसरे समुदाय की महिला के पड़ोस में रहने लगा था। परिजनों को प्रेम-प्रसंग का शक था। इसी बात पर विवाद हुआ है। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया है

# भोले बाबा की ढ़ोल-नगाड़ो के साथ महाआरती कर 56 प्रकार के भोग अमरनाथ यात्रियों को भंडारे के रुप में किए वितरित



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना -लुधियाना- बाबा अमरनाथ लंगर कमेटी लुधियाना की तरफ से देश भर से बाबा अमरनाथ के दर्शनो के लिए जाने व दर्शन कर लौटने वाले भक्तों के लिए स्थानीय ताजपुर चौंक के समीप दादा मोटर के सामने चल रहे 15वें विशाल भंडारे के दौरान शिव भक्तों ने ढ़ोल-नगाड़ो के साथ महाआरती कर भोले बाबा को 56 भोग अर्पित कर भंडारे के रुप में वितरित किए । अमरनाथ यात्रियों ने शिवभक्तों की तरफ से तैयार अमृतमय भंडारा ग्रहण कर खुद को धन्य किया। महिला संकीर्तन मंडल की तरफ से भजन संध्या के दौरान प्रस्तुत भजनो पर अमरनाथ यात्रियों ने भोले बाबा के नाम की मस्ती में झूमते हुए

अपने बाबा बर्फानी का आर्शीवाद लिया । भंडारे की जानकारी देते हुए बाबा अमरनाथ लंगर कमेटी के प्रमुख सेवादार विपन वैद्य व राज बग्गा ने बताया कि 31 जुलाई तक 24 घंटे निर्विघ्न भंडारा जारी रहेगा। वहीं 24 घंटे लंगर के साथ-साथ मैडीकल सुविधा व भक्तों के विश्राम की व्यवस्था के निशुल्क प्रबंध कमेटी की तरफ किए गए है ।इस अवसर पर सर्वजीत रूबी, कृष्ण गोपाल राजू, संजीव बेदी, कुलदीप वर्मा, बाल कृष्ण तिवारी, नीरज बांसल,पवन राणा,धमेन्द्र सिंह शंटी,अनिल वधन,अरूण सेखड़ी,शीला वर्मा, सिमरन, पूजा वैद्य, लता बगगा, प्रिंयका वर्मा, वंदना, रजनी, निशा, मुनि, गौरव राजपूत, धनी वैद्य, राजन, राघव, दीपू शर्मा, कर्ण दत, संजय पांडे, राकेश सौंधी, गीतांश बल्लदी, साहिल बल्लदी, राम देव, सोहन लाल पप्पू, जतिन्द्र धीर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# गोलगप्पे न खिलाने पर नाराज होकर घर से निकली थी महिला, ट्रेन में हुई प्रसव पीड़ा, फिर हुआ

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ -एक व्यक्ति दिल्ली में नौकरी करता है। 20 वर्षीय पत्नी गर्भवती है। पत्नी ने पति से गोलगप्पे खिलाने की फरमाइश कर दी। पति ने मना कर दिया तो पत्नी नाराज होकर घर से निकल आयी और ....... दिल्ली से आजमगढ़ जा रही कैफियात एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होकर जा रही एक महिला को प्रसव पीड़ा होने पर रात अलीगढ़ स्टेशन पर उतारा गया। जहां से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला पति से गोलगप्पे न खिलाने को हुए झगड़े के बाद अपने मायके में जा रही थी। घटनाक्रम के अनुसार मूल रूप से जिला आजमगढ़ के थाना मुबारकपुर निवासी एक व्यक्ति दिल्ली में नौकरी करते हैं। 20 वर्षीय पत्नी गर्भवती है। पत्नी ने पति से गोलगप्पे खिलाने की फरमाइश कर दी। पति ने मना कर दिया तो पत्नी नाराज होकर घर से निकल आयी और दिल्ली रेलवे स्टेशन से आजमगढ़ जाने वाली कैफियात एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हो गई। वह ट्रेन के कोच संख्या बी-04 में सीट नम्बर 32 पर यात्रा कर रही थी। तभी गाजियाबाद स्टेशन पार करते ही उसे प्रसव पीड़ा होने लगी। महिला को परेशान देख कोच में सवार यात्रियों ने रेलवे स्टाफ को इसकी जानकारी दी। इसके बाद ट्रेन के अलीगढ़ स्टेशन पर पहुंचने पर रेलवे डॉक्टर एवं आरपीएफ, जीआरपी स्टाफ ने चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम की मदद से ट्रेन से नीचे उतारा गया। जहां से उसे एंबुलेंस की मदद से मोहन लाल गौतम जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद महिला के पति को फोन पर सूचना दी गई। जिसके बाद पति अलीगढ़ पहुंच गया। आरपीएफ के पोस्ट कमांडर राजीव वर्मा ने बताया कि महिला को डिलेवरी के लिए अस्पताल में भर्ती रखा गया है।

# लाखों नकली नोटों सहित गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार छपाई कर कमीशन पर बेचते थे



हारून बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -फर्रुखाबाद जिले की पुलिस ने लाखों नकली नोटों सहित गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है गेट कादरी गेट थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने चौकी इंचार्ज स्वदेश कुमार आदि पुलिसकर्मियों के सहयोग से लाखों नकली व असली रुपयों सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया पुलिस ने थाना कादरी गेट लाल गेट बस स्टेशन के सामने रहने वाले सौरभ सुमंत पुत्र गयाप्रसाद मोहल्ला अडियाना निवासी ज्ञाना निवासी सुनील पुत्र महेश ग्राम खानपुर निवासी मुकेश शाक्य पुत्र राजेंद्र सिंह थाना मऊदरवाजा के ग्राम हैबतपुर गढ़िया निवासी सौरभ यादव पुत्र रनवीर सिंह एवं सूरज उर्फ सूर्या उर्फ प्रदीप यादव पुत्र भगवान सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन में मीडिया के सामने पेश किया पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने मीडिया को बताया कि थाना कादरी गेट पुलिस ने एसओजी टीम के सहयोग से सौरभ सुमंत एवं सौरव यादव को मसेनी तिराहे के निकट हुंडई कार में नकली नोटों सहित गिरफ्तार किया जिनकी निशादेही पर सौरभ, मुकेश शाक्य एवं सुनील को गिरफ्तार किया गया सुनील थाना राजेपुर के ग्राम चाचूपुर का मूल निवासी है एसपी श्री कुमार ने बताया की सौरभ सुमन व सूर्या तथा उनका अन्य साथी नोटों की छपाई का कार्य करता है जबकि सौरभ यादव मुकेश शाक्य व सुनील नकली नोटों को 35-40 परसेंट कमीज बेचने का काम करते हैं इनके इनके कब्जे से नकली 1.27 लाख रुपए एवं नकली नोटों की कमाई से एकत्र किए गए 3100 से रुपए 11 पेज छपे नकली नोट प्रिंटर आदि सामग्री बरामद की गई है पुलिस अधीक्षक श्री कुमार ने बताया कि लोगों ने नकली नोटों की बिक्री कर भारतीय अर्थव्यवस्था को काफी चोट पहुंचाई है नोट बनाने वाले फरार साथी का नाम गोपनीय रखा गया है ताकि पकड़ने में आसानी रहे वार्ता के दौरान सीओ सिटी प्रदीप सिंह मौजूद रहे। एसपी ने गुड वर्क करने वाली पुलिस टीम को बधाई दी है

# शासन के आदेश पर सरकारी स्कूलों में हुई ,शिक्षक -अभिभावक बैठक




क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुसार विकासखंड बिथरी चैनपुर के 176 विद्यालयों में बुधवार को अभिभावक, शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया । जिसका अनुश्रवण खंड शिक्षा अधिकारी एवं कार्यरत समस्त ए0आर0पी0 एवं ब्लॉक स्तरीय टीमों द्वारा किया गया। जिन विद्यालयों में अभिभावकों की संख्या कम पाई गई, उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों निर्देशित किया गया । आगामी 15 जुलाई, तक शत- प्रतिशत अभिभावकों की बैठक कर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिथरी में अवगत कराना सुनिश्चित करें। जिससे निपुण लक्ष्यों एवं शिक्षक-अभिभावक बैठक के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके ।बैठक में डीबीटी ,पुस्तक वितरण ,छात्र उपस्थिति,कायाकल्प, पठन पाठन पर विशेष चर्चा की गई। वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने परेवा कुइयां में पहुंचकर बैठक में अभिभावकों से सीधे सम्वाद किया।

# कलियुग में हनुमान जी का नाम लेने मात्र से हो जाते है सारे कार्य - गोल्डी सभरवाल



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना - सिद्धपीठ महाबली संकटमोचन हनुमान मंदिर जोशी नगर में करवाई गई साप्ताहिक चोंकी में भाजपा नेता व समाज सेवक गोल्डी सभरवाल को स्मृति चिन्ह देकर व चुनरी डालकर मन्दिर कमेटी के प्रधान अमन जैन,अनुज मदान, सौरव जैन द्वारा सन्मानित किया गया। गोल्डी सभरवाल ने कहा कि हनुमान जी कलयुग के भगवान है,हनुमान जी का नाम लेने मात्र से ही सभी कार्य सम्पन्न हो जाते है। अमन जैन व अनुज मदान ने कहा कि इस मंदिर में जो भी शख्स 7 मंगलवार लगातार हाज़री लगाता है,उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है ।उन्होंने कहा कि गोल्डी सभरवाल बाला जी महाराज के परम भक्त है,व हमेशा समाज सेवा के कार्यो व धार्मिक कार्यो के लिए तैयार रहते है । इस अवसर पर रोहित डंग, विजय मनचंदा,गौतम चायल,बिन्नी सभरवाल व सौरव साहिल को भी सन्मानित किया गया।

